CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2007 - Set 200

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त उदाहरण देत हुए अधिकतम 10-10 शब्दों में दीजिए :

1(क). 'न' का योग करने के लिए सीधी रेखा में हुक आरम्भ में लगाया जाता है या अंत में ?

1(ख). शन या षण के लिए अंतिम बड़ा हुक सीधी रेखाओं में किस दिशा में लगाया जाता है ?

1(ग). वक्र रेखाओं में 'र' व 'ल' हुक में कैसे अंतर किया जाता है ?

1(घ). अंत में स आने पर स्वर न होने पर वृत्त स का प्रयोग होगा या रेखा का ?

1(ङ). र हुक लगी रेखा के आरंभ में वृत्त स का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है ?

1(च). व्यंजन श पर ल हुक किस प्रकार लगाया जाता है ?

2(क). 'व' से पूर्व कोई स्वर हो तो 'व' के लिए रेखा का प्रयोग होगा या अर्द्धक का ? दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

2(ख). श्य, स्य, ष्य को किस प्रकार प्रकट किया जाता है ? दो उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

2(ग). क रेखा पर 'ल' हुक को बड़ा करने पर किस व्यंजन का योग होता है ? दो उदाहरण दीजिए।

3(क). सरल रेखाओं को दुगुना करने के नियम को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3(ख). य, न, ल की रेखाएँ मोटा करके आधा करने पर किस व्यंजन का योग होता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

4(क). उदाहरण देते हुए ऐसी दो दशाएँ बताइए जिसमें नीचे की ओर के र का प्रयोग होता है।

4(ख). ऐसे दो उदाहरण दीजिए जिनमें नीचे की ओर के ल का प्रयोग होता है।

OR

4. 'अर्द्धीकरण' (रेखाओं को आधार करने) के किन्हीं दो नियमों को उदाहरण देते हुए समझाइए।

5(क). आशुलिपि में 'लिखित' और 'भूमि' के प्रत्यय के रूप में तीन-तीन उदाहरण देकर प्रत्यय के अर्थ को स्पष्ट कीजिए।

5(ख). निम्नलिखित संख्याओं को आशुलिपि में लिखिए :

(i) तीन सौ

(ii) चार हजार दो सौ

(iii) दो लाख पाँच हजार

(iv) दो अरब रुपए

6(क). निम्नलिखित शब्दों को काट का प्रयोग करके आशुलिपि में लिखिए :

(i) राजनीतिक दल

(ii) समाचार-पत्र

(iii) म्यूनिसिपल कमेटी

(iv) उत्तर रेलवे

6(ख). निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) आंधी-पानी

(ii) उचित-अनुचित

(iii) क्रय-विक्रय

(iv) जीवन-मरण

6(ग). निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) कम से कम

(ii) ज्यादा से ज्यादा

(iii) दिन प्रति दिन

(iv) अधिक से अधिक

7. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) खास तौर से

(ii) बढ़ा चढ़ाकर

(iii) काम करने के लिए

(iv) सरकारी कर्मचारी

(v) की भलाई के लिए

(vi) उपयोग कर सकते हैं

- End of Question Paper -